**दिल्ली के यमुना-पार क्षेत्र में मेडिकल कालेज और अस्पताल खोलना**

4205. **श्री ईश्वर चौधरी : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में यमुना पार रहने वालों की संख्या कितनी है ;

(ख) उनको चिकित्सा देने के लिए मेडिकल कालेज व अस्पताल खोलने का निर्णय कब लिया गया था ;

(ग) इस बारे में इस बीच क्या कार्यवाही की गई और आगे को क्या कार्यवाही की जायेगी, और

(घ) उस क्षेत्र में मेडिकल कालेज तथा बड़ा अस्पताल कब तक आरम्भ हो जायेंगे ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री ए० के० एम० इसहाक) :** (क) 1971 की जनगणना के अनुसार दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र की आबादी 4 65,323 है।

(ख) शाहदरा मे स्थापित होने वाले एक अस्पाताल के आधार पर एक मेडिकल कालेज खोलने का फैसला जुलाई 1971 मे किया गया था।

(ग) और (घ). शाहदरा मे मेडिकल कालेज खोलने का प्रश्न दिल्ली प्रशासन द्वारा शाहदरा मे एक अस्पताल की स्थापना करने पर निर्भर करता है। फिलहाल कालेज ने दिल्ली विश्व विद्यालय के कैम्पस में अक्तूबर 1971 से काम करना शुरू कर दिया है। शाहदरा में एक मेडिकल कालेज और एक बड़े अस्पताल के काम शुरू करने में कुछ समय और लगने की सम्भावना है।

**युद्ध में वीर गति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों को भूमि का आवंटन**

4206. **श्री माधवराव सिंधिया : :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वीर गति प्राप्त सैनिकों के ऐसे आश्रितों की राज्यवार संख्या कितनी है जिनको भूमि आवंटन के उपयुक्त माना गया था ;

(ख) उन में से कितने ऐसे हैं जिनको अभी तक भूमि का कब्जा नही दिया गया है ;

(ग) उन के मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(घ) ऐसे मामलों को अभी तक न निपटा पाने के क्या कारण है ?

**रक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जे० बी० पटनायक) :** (क) से (घ). युद्ध मे मारे गये सैनिकों के आश्रितो को भूमि का आवटन सम्बन्धित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है जिन्हे इस मामले को असता देने का अनुरोध किया गया है।

क्योंकि सम्बन्धित राज्य सरकारो द्वारा जारी किए गये सामान्य आदेशों में दी गई व्यवस्थाओं के अधीन इन मामलों मे भूमि का वास्तविक आवटन जिला और निम्नतर स्तरों पर अधिकारियो द्वारा किया जाता है। अत मागी गई सूचना जो तीनो सेनाओ के सभी पिछले कार्यों के सबध मे है, के एकत्र करने मे लगने वाला समय और प्रयत्न सम्भावित परिणामो के अनुरूप नही होगा ?

**Payment of Wages to Workers of Krishan Kumar Cotton Mills Ltd., Malwa in Gujarat**

4207. SHRI VEKARIA: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the workers of Krishan Kumar Cotton Mills Ltd., Malwa in Gujarat State have not been paid their wages since long;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps Government propose to take to settle this dispute and get the workers their wages and other dues?